Adda247

विभाग-2 ( विषयवस्तु और पद्धतिशास्त्र ) (प्रश्न नं-101 से 170)

प्रश्न नं.101 से 130 (सभी के 2 गुण)

| | |
|---|---|
| 101 | 'कठिन कलाहू आई है करत-करत अभ्यास' में कौन-सा अलंकार है ?<br>(A) श्लेष अलंकार (B) रुपक अलंकार (C) उपमा अलंकार (D) अनुप्रास अलंकार |
| 102 | भारत के निवासी कौन है ?<br>(A) द्रविड (B) आर्य (C) शक (D) मंगोल |
| 103 | कविवर रवीन्द्रनाथ टैगोर को कौन-सा पुरस्कार मिला था ?<br>(A) नोबेल पुरस्कार (B) ज्ञानपीठ पुरस्कार (C) साहित्य अकादमी (D) भारतरत्न |
| 104 | 'भेड़-बकरियाँ चरानेवाला' शब्दसमूह के लिए एक शब्द बताइए ।<br>(A) चरवाहा (B) गड़ारीदार (C) गड़रिया (D) गडेरुआ |
| 105 | 'राजा भी मूर्ख और प्रजा भी मूर्ख' अर्थ किस कहावत का है ?<br>(A) राम राज प्रजा सुखी (B) अब पछताये होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत<br>(C) नाम बड़े और दर्शन छोटे (D) यथा राजा तथा प्रजा |
| 106 | तू दयालू दीन हौं, तू दानि हौं भिखारी हौं प्रसिद्ध यातकी, तू पापपुंजहारी यह विनय भावना ____ की रचना है ।<br>(A) सूरदास (B) कबीर (C) तुलसीदास (D) मीरा |
| 107 | "संदेश यहाँ मैं नहीं स्वर्ग का लाया, इस भूतल को ही स्वर्ग बनाने आया ।" किसकी काव्य पंक्तियाँ हैं ?<br>(A) भवानी प्रसाद मिश्र (B) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (C) मैथिलीशरण गुप्त (D) नागार्जुन |
| 108 | 'तहस - नहस होना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?<br>(A) परिस्थितियाँ विपरीत होना (B) व्यवहार बदलना (C) नष्ट होना (D) पासा उलटा पड़ना |
| 109 | 'दीन बन्धु सम होय' अर्थात् कौन ?<br>(A) दरिद्र (B) ईश्वर (C) धनवान (D) दीक्षित |
| 110 | पानी में घिरे हुए लोग ______ नहीं करते ।<br>(A) झगड़ा (B) ईर्ष्या (C) शिकायत (D) प्रेम |
| 111 | बाबा नागार्जुन के नाम से संपूर्ण हिन्दी जगत में लोकप्रिय कवि नागार्जुन का पैतृक नाम बताइए ।<br>(A) विद्यानिवास मिश्र (B) यशपाल (C) जैनेन्द्रकुमार (D) बैधनाथ मिश्र |
| 112 | निम्नलिखित में से सही वर्तनीवाला शब्द बताइए ।<br>(A) ओद्योगिक (B) औद्योगिक (C) आद्योगिक (D) औद्योगीक |
| 113 | "जियत बाप से दंगम दंगा मरे हाड़ पहुँचाए गंगा" - यह कथन किसका है ?<br>(A) नीरो (B) चैखव (C) परसाईजी (D) कबीर |
| 114 | स्कूल छूटने की घंटी बजते ही लेखक को कहाँ जाने की खुशी होती थी ?<br>(A) घर (B) लाइब्रेरी (C) छात्रावास (D) बगिया |
| 115 | बिरसा मुंडा की मृत्यु कहाँ पर हुई ?<br>(A) जंगल में (B) कोर्ट में (C) चर्च में (D) जेल में |
| 116 | 'नदी बढ़ती रहे' लेख किस पुस्तक से लिया गया है ?<br>(A) चिंतामणि (B) हिमनील (C) अपराजिता (D) वन पाहुन |

| | |
|---|---|
| 117 | ग्वालन सुध-बुध क्यों खो बैठी ?<br>(A) कृष्ण को देखकर (B) मटकी फूट जाने से (C) चोरी पकड़े जाने से (D) अचानक नंद बाबा के आने से |
| 118 | तुलसी के 'रामचरितमानस' की भाषा कौन-सी है ?<br>(A) ब्रज (B) खड़ीबोली (C) अवधी (D) भोजपुरी |
| 119 | 'मानहुँ मदन दुंदुभी दीन्ही । मनसा बिस्व बिजय कहँ कीन्ही ॥'<br>उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?<br>(A) रुपक (B) उत्प्रेक्षा (C) अतिशयोक्ति (D) यमक |
| 120 | 'सब वेद बचायेंगे कोई नहीं बचायेगा प्रेमपत्र'<br>उपर्युक्त पंक्तियों के रचनाकार का नाम बताइए ।<br>(A) बद्रीनारायण (B) मीराबाई (C) ज्ञानप्रकाश विवेक (D) निर्मला गर्ग |
| 121 | माँ के गरिमामय व्यक्तित्त्व पर आधारित पाठ का नाम बताइए ।<br>(A) गिरगिट (B) शत्रु (C) डायरी का एक पन्ना (D) उत्साह |
| 122 | 'जहाँ आकाश नहीं दिखाई देता' पाठ किस साहित्य विद्या में लिखा गया है ?<br>(A) रिपोर्ताज (B) कहानी (C) डायरी (D) नाटक |
| 123 | आधुनिक कम्प्यूटर का पिता किसे माना जाता है ?<br>(A) जे. एल. बेयर्ड (B) इरिक्सन (C) मार्कोनी (D) चार्ल्स बेबेज |
| 124 | 'परिमल-हीन पराग दाग-सा बना पड़ा है । हा ! यह प्यारा बाग खून से सना पड़ा है ।'<br>उपर्युक्त पंक्तियों के संदर्भ में 'परिमल' शब्द का अर्थ बताइए ।<br>(A) काँटा (B) सुगंध (C) ओस (D) पानी |
| 125 | लेखक श्रीप्रकाश का प्रश्न सुनकर वृद्ध पादरी ने क्या कहा ?<br>(A) तुम लोग अपने काम में गर्व नहीं लेते । (B) तुम लोग जिम्मेदारी नहीं समझते ।<br>(C) तुम लोग बड़े आलसी हो । (D) तुम लोगों में उदारता नहीं है । |
| 126 | अमीर खुसरो किस काल के कवि हैं ?<br>(A) रीतिकाल (B) आधुनिककाल (C) भक्तिकाल (D) आदिकाल |
| 127 | 'कालिदास का प्राणी प्रेम' नामक अंश मोहन राकेश के किस नाटक से लिया गया है ?<br>(A) लहरों के राजहंस (B) आधे अधूरे (C) आषाढ़ का एक दिन (D) सारा आकाश |
| 128 | टाटा कंपनी के विज्ञापन को पढ़कर सुधामूर्ति ने क्या करना निश्चय किया ?<br>(A) शोषण का विरोध (B) स्त्री-पुरुष के भेदभाव का विरोध<br>(C) जाति प्रथा का विरोध (D) असमान वेतन व्यवस्था का विरोध |
| 129 | 'भूख' कविता का केन्द्रीयभाव बताइए ।<br>(A) प्रकृति वर्णन (B) प्राणी प्रेम (C) वैयक्तिक रुचि (D) संघर्ष |
| 130 | 'हक्का-बक्का रह जाना' मुहावरे का अर्थ बताइए ।<br>(A) हड़बड़ा जाना (B) आश्चर्य चकित हो जाना (C) हक के लिए बोलना (D) बक-बक करना |

Adda247

प्रश्न नं. 131 से 170 (सभी के 1 गुण)

| | |
|---|---|
| 131 | भाषा शिक्षण में सबसे पहली प्रक्रिया कहाँ से शुरू होती है ?<br>(A) कथन (B) वाचन (C) श्रवण (D) लेखन |
| 132 | भाषा शिक्षण कहाँ से प्रारंभ होता है ?<br>(A) स्वर (B) क्रिया (C) व्यवहार (D) वाचन |
| 133 | व्याकरण शिक्षण का आरंभ किसके द्वारा होना चाहिए ?<br>(A) अक्षर द्वारा (B) वाक्य द्वारा (C) शब्द द्वारा (D) वर्णमाला द्वारा |
| 134 | कौन सी प्रणाली मनोवैज्ञानिक और शिक्षा वैज्ञानिक है ?<br>(A) आगमन (B) निगमन (C) भाषा संसर्ग (D) समवाय |
| 135 | मौलिक चिन्तन किसके द्वारा सम्भव है ?<br>(A) शिक्षा से (B) संस्कृति से (C) मातृभाषा से (D) सभ्यता से |
| 136 | छात्रों से वर्तनी संबंधी त्रुटियों को शुद्ध कराने के उपाय है .....<br>(1) शुद्ध उच्चारण (2) लिपि की पूर्व जानकारी (3) व्याकरण का समुचित ज्ञान (4) उक्त सभी<br>(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3 (C) केवल 1 और 3 (D) 4 |
| 137 | भाषा शिक्षा में दृश्य-श्रव्य साधनों का मुख्य प्रयोजन है ......<br>(A) शिक्षण के कार्य को सरल करना (B) छात्रों की विभिन्न इन्द्रियों को क्रियाशील बनाना<br>(C) छात्रों को नवीन उपकरणो के प्रति उत्सुक बनाना (D) पाठ में कक्षा का अवधान बनाये रखना |
| 138 | निम्न में से मैकाले ने भाषा शिक्षण के लिए किस तथ्य को स्वीकार किया है ?<br>(A) केवल मौखिक भाषा ज्ञान को ।<br>(B) बोलने से पहले व्याकरण ज्ञान को ।<br>(C) किसी भी भाषा का पण्डित वही हो सकता है जिसने पहले भाषा और बाद में व्याकरण सीखा हो ।<br>(D) इनमें से किसी को नहीं । |
| 139 | भाषा शिक्षण का सब से महत्त्वपूर्ण गुण होना चाहिए ....<br>(A) विद्यार्थियों में रुचि (B) समाज में रुचि (C) शुद्ध उच्चारण (D) व्याकरण का ज्ञान |
| 140 | किसी भी भाषा सीखने का मूल आधार क्या है ?<br>(A) श्रवण (B) कथन (C) वाचन (D) लेखन |
| 141 | वाचन के लिए आवश्यक है ......<br>(A) वर्णमाला, उच्चारण शुद्धि, शुद्ध पढाना<br>(B) उच्चारण शुद्धि, गति, विरामचिह्नों, आरोह-अवरोह, भाव, आत्मविश्वास<br>(C) वर्णमाला पढाना, शब्द सीखाना, विराम चिह्न का ज्ञान<br>(D) शब्द पढवाना, वर्ण लिखवाना, वाक्य पढवाना |
| 142 | हिन्दी के शिक्षक को ज्ञान होना चाहिए ।<br>(1) भाषा तत्त्वों का ज्ञान (2) साहित्य का ज्ञान (3) विषय में रुचि (4) 1, 2 और 3<br>(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3 (C) केवल 1 और 3 (D) 4 |

Adda247

| | |
|---|---|
| 143 | मौन वाचन का उद्देश्य है ...<br>(A) विषय की ग्रहणशक्ति बढ़ानो (B) कक्षा को शांत रखना<br>(C) विषय को रटाना (D) शिक्षक का कार्य कम करना |
| 144 | गृहकार्य का सिद्धांत है ...<br>(1) सीखना (2) उद्देश्य का (3) उपयुक्तता का (4) 1, 2 और 3<br>(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3 (C) केवल 1 और 3 (D) 4 |
| 145 | सृजनात्मक उद्देश्य से तात्पर्य है ...<br>(1) छात्रों को साहित्य सृजन की प्रेरणा देना (2) रचना में मौलिकता लाना<br>(3) उपर्युक्त दोनों (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं<br>(A) केवल 1 (B) केवल 2 (C) 3 (D) 4 |
| 146 | मौखिक और लिखित दोनों अभ्यास कराना क्यों आवश्यक हैं ?<br>(A) सिर्फ भाषा के लिए (B) भाषा और शैली के विकास के लिए<br>(C) शैली के लिए (D) इनमें से कोई नहीं |
| 147 | हिन्दी शिक्षण के भावात्मक उद्देश्यों के अन्तर्गत कौनसी बात आती है ?<br>(A) रचनाकार्य के विभिन्न रूपो का ज्ञान प्राप्त करना (B) भाषा और साहित्य में रुचि लेना<br>(C) विषयवस्तु का ज्ञान प्राप्त करना (D) भाषा तत्त्वों का ज्ञान प्राप्त करना |
| 148 | भाषा का मुख्य कौशल है ...<br>(1) सुनना और बोलना (2) पढ़ना (3) लिखना (4) सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना<br>(A) केवल 1 (B) केवल 2 (C) 4 (D) केवल 3 |
| 149 | भाषा कौशल का सही क्रम है ....<br>(A) श्रवण, कथन, वाचन, लेखन (B) लेखन, वाचन, श्रवण, कथन<br>(C) श्रवण, वाचन, लेखन, कथन (D) वाचन, श्रवण, लेखन, कथन |
| 150 | दशवी कक्षा में एक भाषा शिक्षक ने बच्चों को चित्र दिखाया और उससे संबंधित शब्द उन्हें लिखने का निर्देश दिया। यहां पर शिक्षक ने किस विधि का अनुपालन किया ?<br>(A) साहचर्य विधि (B) अनुकरण विधि (C) कहानी विधि (D) उपर्युक्त सभी |
| 151 | 'गद्‌गद् होना' मुहावरे का सही अर्थ बताइए ।<br>(A) अत्याधिक अप्रसन्न होना (B) अत्याधिक जोर से चिल्लाना<br>(C) भाव विभोर होना (D) पिंड छुड़ाना |
| 152 | बीमारी से लड़ने में बच्चन जी को किससे बल मिलता था ?<br>(A) चुनौतियों से (B) धार्मिक ग्रन्थों से (C) डॉ॰ मुखर्जी से (D) पत्नी से |
| 153 | मन का मैल धोने के लिए ______ से उपयुक्त कोई नहीं है।<br>(A) शीतल जल (B) नयन जल (C) शुद्ध जल (D) गंगा जल |
| 154 | कबीर का जन्म काशी के ____ नामक स्थान पर हुआ था।<br>(A) लम्ही (B) बस्ती (C) लहरतारा (D) वसुखा |

Adda247

| | |
|---|---|
| 155 | रुखा-सूखा खाकर ठंडा पानी पीने का तात्पर्य क्या है ?<br>(A) लोभ करना (B) संतोष रखना (C) आलस्य करना (D) फैशन करना |
| 156 | द्विवेदी युग के प्रतिनिधि कवि और हिन्दी के राष्ट्र कवि ____ थे ।<br>(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) सुमित्रानंदन पंत (C) केदारनाथ सिंह (D) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना |
| 157 | 'मंथर' शब्द का विलोम शब्द _____ है ।<br>(A) मंद (B) मृदु (C) तीव्र (D) अन्तःकरण |
| 158 | धरती और आकाश के मिलने का स्थान ____ है ।<br>(A) अंबर (B) भूमि (C) वायुमंडल (D) क्षितिज |
| 159 | निम्नलिखित उपनान्यासों में से जैनेन्द्रकुमार का उपन्यास नहीं है - बताइए ।<br>(A) त्यागपत्र (B) सोन्ना और खून (C) मुक्तिबोध (D) परख |
| 160 | 'चंदन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग' किस कवि की काव्य-पंक्ति है ?<br>(A) वृन्द (B) रहीम (C) कबीर (D) बिहारी |
| 161 | सुबोध ने अखबार पढ़ना क्यों छोड़ दिया ?<br>(A) एकदम सुबह नौकरी जाना पड़ता था । (B) अखबार लेने वृंदा के कमरे में जाना पड़ता था ।<br>(C) अखबार निरर्थक लगने लगा था । (D) अखबार समय पर नहीं आता था । |
| 162 | 'डेली पैसेन्जर' कविता में किसकी विवशता का चित्रण है ?<br>(A) मासूम बच्चे (B) कामगार औरत (C) भिखारी (D) टिकट चेकर |
| 163 | घूमिल का मूलनाम क्या है ?<br>(A) सुदामा पांडेय (B) मदन मोहन गुगलानी (C) प्रभुलाल गर्ग (D) केदारनाथ पांडेय |
| 164 | कवि वीरेन डंगवाल जीवन में कठिनाई को जरूरी क्यों मानते हैं ?<br>(A) सच्चे मित्र की पहाचान के लिए (B) लोगों का दर्द समझने के लिए<br>(C) आर्थिक समृद्धि के लिए (D) नया रास्ता पाने के लिए |
| 165 | 'तताँरा-वामीरो' पाठ की विषयवस्तु किस पर आधारित है ?<br>(A) देशभक्ति पर (B) दानवीरता पर (C) प्रेमकथा पर (D) प्रकृति पर |
| 166 | सही वर्तनीवाला शब्द खोजिए -<br>(A) पूज्यनीय (B) पूजनीय (C) पुजनीय (D) पूज्यनिय |
| 167 | हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है ?<br>(A) गुरुमुखी (B) ब्राह्मी (C) खरोष्ठी (D) देवनागरी |
| 168 | कुत्ता खरहा को क्यों नहीं पकड़ पाया ?<br>(A) कुत्ता खरहा को पाने के लिए दौड़ रहा था । (B) कुत्ता तेज़ नहीं दौड़ सकता था ।<br>(C) खरहा अपनी जान बचाने लिए भाग रहा था । (D) खरहा बहुत चालाक था । |
| 169 | 'पंचवटी' में कौन-सा समास है ?<br>(A) अव्ययीभाव समास (B) द्विगु समास (C) बहुब्रीहि समास (D) द्वन्द्व समास |
| 170 | 'प्रोफेसर रामिश' का ड्रीम प्रोजेक्ट क्या था ?<br>(A) दवाइयाँ बनाना (B) कैंसर का टीका ढूँढ़ना (C) मानव प्रक्षेपण-यंत्र बनाना (D) कृत्रिम मानव बनाना |

Adda247